**GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR [C.G.]**
[ A Central University Established by the Central Universities ACT 2009 No. 25 of 2009]
Phone No. 07752- 260381 Web site www.ggu.ac.in

**निविदा क्र.12 / खुली / रददी / भंडार / जीजीवी / 2017** **निविदा सूचना** **बिलासपुर, दिनांक 18.07.2017**

विश्वविद्यालय द्वारा पुराने / रद्‌दी / अनुपयोगी उत्तर पुस्तिकाओं, प्रश्न–पत्र, शोधग्रंथ / लघु शोधग्रंथ, परियोजना प्रतिवेदन, पुस्तक / पुस्तिकायें, कतरन, अन्य दस्तावेज / कागज एवं पुराने / रद्‌दी / अनुपयोगी टायर आदि के ''जहॉ है, जैसा है, जो है'', के आधार पर विक्रय हेतु मुहरबंद निविदा, केवल रजिस्टर्ड पोस्ट / स्पीड पोस्ट / कुरियर के माध्यम से दिनांक 11 अगस्त 2017 अपराह्न 3.00 बजे तक ''सहायक–कुलसचिव (भंडार)'' के पते पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, नियम व शर्त, विश्वविद्यालय की वेब साइट www.ggu.ac.in एवं भारत सरकार के CPP Portal से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र मूल्य रू.1000 / – एवं अमानत राशि रू. 50,000 / –, निविदा प्रपत्र के साथ जमा करना अनिवार्य है। प्राप्त निविदायें दिनांक 11 अगस्त 2017 को अपराह्न 4.00 बजे भण्डार शाखा में खोली जायेंगी ।

**कुलसचिव**

# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

# Guru Ghasidas Vishwavidyalaya Bilaspur (C.G.)

A central University established by the Central University Act 2009

**Website- ggu.ac.in Phone-07752260381 Fax -07752260154**


**Tender No.12/OPEN/RADDI/STORE/GGV/2017** **Bilaspur, Dated- 18.07.2017**

**दो बोली खुली निविदा/ To Bid Open Tender**

## पुराने/रद्दी/अनुपयोगी पेपर आदि एवं टायर विक्रय हेतु

गुरू घासीदास विश्वविद्यालय पुराने/रद्दी/अनुपयोगी उत्तर पुस्तिकाओं, प्रश्न–पत्र, शोधग्रंथ / लघु शोधग्रंथ, परियोजना प्रतिवेदन. पुस्तक/पुस्तिकायें, कतरन, अन्य दस्तावेज/कागज एवं पुराने/रद्दी/अनुपयोगी टायर आदि के ''जहॉ है, जैसा है, जो है'' के आधार पर विक्रय हेतु मुहरबंद खुली निविदा, केवल रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट/कुरियर के माध्यम से आमंत्रित की करता है। निविदा प्रपत्र, नियम व शर्त, विश्वविद्यालय की वेब साइट www.ggu.ac.in से अथवा भारत सरकार के CPP Portal से डाउन लोड की जा सकती है।

सभी इच्छुक तथा योग्य /पात्र निविदाकर्ता इस दस्तावेज में दिए गए मापदण्ड के अनुसार, अपनी सर्वश्रेष्ठ प्रतिस्पर्धी बोलियों को प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित है । कपया निम्नानुसार अपनी निविदा को दो भागों में प्रस्तुत करें ।

1. तकनीकी बोली ( भाग–1)
2. वित्तीय बोली ( भाग–2)

मोहरबंद निविदायें नीचे दिये गये पते पर 11 अगस्त 2017 को 3.00 बजे तक या इससे पहले निश्चित रूप से प्रस्तुत की जानी चाहिए ।

**सहायक कुलसचिव (भण्डार)**
**भण्डार शाखा**
**गुरू घासीदास विश्वविद्यालय**
**प्रशासनिक भवन, कोनी, बिलासपुर**
**छत्तीसगढ–495009**

**सभी प्राप्त निविदाओं को निविदाकर्ताओं के उन अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में** 11 अगस्त 2017 को 4.00 बजे खोला जायेगा, जो प्रकिया में भाग लेंगे तथा उपस्थिति के साक्ष्य में एक रजिस्टर पर हस्ताक्षर करेंगे ।

| निविदा सारांश | |
|---|---|
| **निविदा शुल्क** | रू. 1,000/– वापसी योग्य नहीं |
| **अमानत राशि (EMD)** | रू. 50,000/– शर्तो के साथ वापसी योग्य |
| **निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि** | दिनांक 11 अगस्त 2017 को 3.00 बजे तक, भण्डार शाखा में |
| **तकनीकी निविदा** ( भाग–1) का खोला जाना | दिनांक 11 अगस्त 2017 को 4.00 बजे, वि.वि. कांफ्रेस कक्ष में |
| **वित्तीय निविदा** ( भाग–2) का खोला जाना | वित्तीय निविदा खोले जाने की सूचना पृथक से प्रेषित की जायेगी |

**सहायक कुलसचिव (भण्डार)**
**गुरू घासीदास विश्वविद्यालय**
**प्रशासनिक भवन, कोनी, बिलासपुर**
**छत्तीसगढ–495009**

# निविदा की सामान्य नियम एवं शर्तें

1 गुरू घासीदास विश्वविद्यालय द्वारा पुराने/रद्दी/अनुपयोगी उत्तर पुस्तिकाओं, प्रश्न–पत्र, शोधग्रंथ / लघु शोधग्रंथ, परियोजना प्रतिवेदन. पुस्तक/पुस्तिकायें, कतरन, अन्य दस्तावेज/कागज एवं पुराने/रद्दी/अनुपयोगी टायर आदि के विक्रय हेतु मुहरबंद खुली निविदा, आमंत्रित की गयी है।

2 निविदा द्वि–बोली पद्धति पर आधारित है, अतः निविदा कर्ता को तकनीकी बोली एवं वित्तीय बोली को पृथक– पृथक लिफाफे में सील बंद करते हुए दोनों लिफाफों को एक बडे में रखकर सील बंद कर प्रेषित करें।

3 विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये निविदा प्रपत्र में ही पूर्ण रूप से निविदा भरी जाकर सील बंद निविदा रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट/कुरियर के माध्यम से प्रेषित करना अनिवार्य है। निर्धारित अंतिम तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त होने वाली निविदा अस्वीकार/अमान्य कर दी जायेगी।

4 निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर सील सहित हस्ताक्षर निविदाकर्ता को करना होगा। निविदाकर्ता को सम्पूर्ण निविदा प्रपत्र नियम शर्तो सहित आवश्यक रूप से निविदा के साथ जमा करना होगा।

5 तकनीकी निविदा के साथ अमानत राशि (EMD) रू. 50,000/– का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी क्रास्ड बैंक ड्राफ्ट जो कुलसचिव, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ0ग0) के नाम से देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है। अमानत राशि (EMD) के बिना जमा की गई निविदा स्वतः निरस्त मान्य होगी।

6 पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कुरियर के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से जमा की गयी निविदायें किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जायेगी ।

7 निविदा दर स्वीकृत होने पर विश्वविद्यालय द्वारा निविदाकर्ता को लिखित सूचना प्रेषित किये जाने के दिनांक से अधिकतम 15 दिवस के अंदर रू. 50/– मूल्य के स्टाम्प पेपर के साथ अनुबंध हेतु निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय में उपस्थित होना होगा।

8 पूर्व में विश्वविद्यालय में किसी अन्य प्रयोजन हेतु जमा कटौती राशि या देयक या फिर पूर्व में किसी निविदा के साथ जमा की गई अमानत राशि का समायोजन प्रस्तुत निविदा में नहीं किया जायेगा।

9 अंतिम रूप से निविदा स्वीकार होने के पूर्व यदि निविदाकर्ता निविदा वापस लेना चाहें अथवा जिन निविदाकर्ता की दरें क्रय समिति द्वारा अनुमोदित नहीं होती है तो ऐसे समस्त निविदाकर्ताओं की अमानत राशि निविदाकर्ता द्वारा कुलसचिव को आवेदन करने पर बिना किसी ब्याज के नियमानुसार वापस लौटा दी जायेगी।

10 विश्वविद्यालय की निविदा की शर्तानुसार समय सीमा में पूर्ण रद्दी कागज उठाकर विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार के बाहर किसी भी कागज मिल को पल्प तैयार करने में कागज का उपयोग करने के लिये विक्रय किये जाने व कागज मिल द्वारा उसका उपयोग पल्प तैयार कर लिये जाने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही निविदाकर्ता की अमानत राशि मूलतः वापस कर दी जायेगी अन्यथा की स्थिति में

विश्वविद्यालय द्वारा अमानत राशि जप्त कर निविदाकर्ता के विरूद्ध अनुबंधानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

11 गत वर्ष की आयकर विवरणिका, वाणिज्यकर जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र, टिन क्रमांक आदि का उल्लेख/की सत्यापित छायाप्रति (जो भी लागू हो) निविदा के साथ संलग्न करनी होगी।

12 पूर्व में विश्वविद्यालय द्वारा/किसी सरकारी कार्यालय द्वारा/किसी अन्य संस्थान–निकाय आदि द्वारा यदि फर्म को निविदा में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित किया गया हो या काली सूची में डाला गया हो अथवा फर्म के विरूद्ध यदि कोई दण्डात्मक कार्यवाही की गई हो, के संबंध में फर्म को स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराना होगा।

13 संदंर्भित निविदा में उल्लेखित रद्दी बिक्री संबंधी समान कार्य व निष्पादन का कार्य, इस निविदा के पूर्व यदि फर्म द्वारा किसी सरकारी /अर्द्ध सरकारी संस्थान/विभाग/शैक्षणिक संस्थान/निकाय आदि में किया हो तो, तत्संबंधी कार्यादेश एवं अनुभव प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति के साथ जानकारी उपलब्ध कराना होगा।

14 कागज का तौल विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति के समक्ष दो बार करानी होगी अर्थात् प्रथमतः खाली ट्रक केवल कागज भरने वाले खाली बोरों व पैकिंग मटेरियल सहित व द्वितीय बार भरी ट्रक के साथ तौल करवानी होगी, भरी ट्रक के वजन से खाली ट्रक के वजन निकाली जायेगी। समिति यदि एक से अधिक धर्मकांटे में तौल कराना चाहेगी तो बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के निविदाकर्ता को समिति की इच्छानुसार तौल की कार्यवाही पूर्ण करानी होगी। समिति विक्रय किये जाने के पूर्व पूर्णतः तौल हेतु आश्वस्त होने के लिए अपना निर्णय कर किसी और विधि से भी तौल करा सकेगी।

15 निविदाकर्ता को निविदा के साथ ही यह प्रमाणपत्र/वचन पत्र भी संलग्न करना होगा कि उसके द्वारा क्रय की जाने वाली समस्त रद्दी कागजों, यथा प्रश्नपत्र, मूल्यांकित उत्तरपुस्तिका, परीक्षा आवेदन पत्र, पुराने समाचार पत्र, पत्रिकाओं एवं विभागों /केन्द्रीय ग्रंथालय से प्राप्त शोधग्रंथ / लघु शोधग्रंथ, परियोजना प्रतिवेदन व अन्य रद्दी कागजों को पूर्णतः नष्ट करते हुए, विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार के बाहर, कागज निर्माण करने वाली मिल/कंपनी को ही विक्रय किया जायेगा, जिसे मिल/कंपनी द्वारा गलाया जावेगा अन्यथा की स्थिति में निविदा अमान्य की जा सकती है।

16 कुलसचिव, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) को यह अधिकार होगा कि वह एक या एक से अधिक निविदा स्वीकृत करे या किसी भी समय किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताये विश्वविद्यालय हित में निरस्त कर देवें।

17 विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये निविदा प्रपत्र में ही निविदा की दरें भरी जाकर हस्ताक्षरित हो अन्यथा निविदा निरस्त की जा सकती है।

18 निविदा खोले जाते समय निविदाकर्ता स्वयं या उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति (निविदाकर्ता द्वारा जारी अधिकार पत्र के साथ) समिति के समक्ष उपस्थित रह सकता है।

19 पूर्व में किये गये रद्दी पेपर निस्तारण में निविदाकर्ता/क्रेता द्वारा प्रति ट्रिप ले जाये गये रद्दी कागज का वजन औसतन 9.5 टन लगभग था, अतः निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय से रद्दी कागज उठाये जाने के कम से कम एक दिवस पूर्व स्वीकृत दर के अनुसार 10 टन रद्दी पेपर का मूल्य, विश्वविद्यालय कोष में बैंक चालान के माध्यम से ऑन–लाईन जमा कर भंडार शाखा में चालान/रसीद की प्रति प्रस्तुत किये जाने पर ही तौल हेतु ट्रक में कागज रखने की अनुमति दी जायेगी।

20 निविदाकर्ता द्वारा विश्वविद्यालय की समस्त शर्तो के अनुपालन के साथ अनुबंध की कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात् विश्वविद्यालय के विक्रय आदेश के दिनांक से 30 दिवस के अंदर समस्त रद्दी कागजों एवं अनुपयोगी टायर को विश्वविद्यालय से निस्तारित करना होगा। समयावधि में निस्तारण की कार्यवाही पूर्ण नहीं करने की स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा निविदाकर्ता की अमानत राशि को जप्त किया जाकर अन्य किसी फर्म को विक्रय करने अथवा विश्वविद्यालय के अन्य किसी भी प्रकार के निर्णय को निविदाकर्ता को मान्य करना होगा।

21 निविदाकर्ता कृपया घोषणा पत्र का भली भांति पठन करने के उपरांत फर्म की सील मुद्रा लगाते हुए निविदाकर्ता अपना स्वयं हस्ताक्षर करें एवं इसे आवश्यक रूप से निविदा के साथ जमा करें। निविदा के साथ घोषणा पत्र जमा नहीं करने की स्थिति में निविदा निरस्त की जा सकेगी।

22 साथ ही विश्वविद्यालय के पास यह भी अधिकार सर्वथा सुरक्षित रहेगा कि निविदा में उल्लेखित किसी भी सामग्री का विक्रय करें अथवा बिना कोई कारण बताये किसी भी सामग्री का विक्रय करने से मना कर देवे।

23 निविदाकर्ता को अपने संसाधन से समस्त रद्दी कागज/टायर जगह–2 से एकत्र कर भंडारित (विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार) करना होगा।

24 उपरोक्त नियम व शर्तो को विश्वविद्यालय हित में शिथिल करने या परिवर्तन करने का सम्पूर्ण अधिकार कुलसचिव, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर के पास सुरक्षित रहेगा।

25 किसी भी विवाद की स्थिति में पहली अपील कुलसचिव, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.) को विवाद उत्पन्न होने की तिथि के एक सप्ताह के अंदर तथा द्वितीय अपील दो सप्ताह के अंदर माननीय कुलपति को किया जा सकेगा। माननीय कुलपति, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर छ0ग0, निर्णय हेतु प्रकरण को किसी भी आरबीट्रेटर के पास भेज सकेगे (आरबीट्रेशन एक्ट के अनुसार)। ऐसे प्रकरण में कुलपति जी के स्वयं का निर्णय या आरबीट्रेटर का निर्णय सर्वमान्य होगा ।

26 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में बिलासपुर (छ0ग0) न्यायालय का क्षेत्राधिकार ही मान्य होगा।

निविदाकर्ता के मुहर सहित हस्ताक्षर | सहायक–कुलसचिव (भंडार)

# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

## पुराने/रद्दी/अनुपयोगी पेपर आदि एवं टायर विक्रय हेतु

## निविदाकर्ता से संबंधित जानकारी हेतु प्रपत्र भाग–1

## तकनीकी निविदा

**Ref No.12/OPEN/RADDI/STORE/GGV/2017** **Bilaspur, Dated- 18.07.2017**

निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 1000/–

प्रति,
कुलसचिव,
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

विषय :– पुराने/रद्दी/अनुपयोगी पेपर आदि एवं टायर क्रय हेतु

महोदय,

उपरोक्त विषय से संबंधित दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित एवं विश्वविद्यालय व सीपीपी पोर्टल में प्रदर्शित निविदा सूचना क्रमांक 12/खुली/रद्दी/भंडार/जीजीवी/17, बिलासपुर, दिनांक 18.07.2017 के संबंध में निवेदन है कि, मुझे पुराने/रद्दी/अनुपयोगी उत्तर पुस्तिकाओं, प्रश्न–पत्र, शोधग्रंथ / लघु शोधग्रंथ, परियोजना प्रतिवेदन, पुस्तक/पुस्तिकायें, कतरन, अन्य दस्तावेज/कागज एवं पुराने/रद्दी/अनुपयोगी टायर आदि विक्रय हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित की गई निविदा की समस्त शर्तें मुझे मान्य है। अतः उक्त सामग्रीयों के क्रय हेतु मै अपनी फर्म की **तकनीकी निविदा** प्रस्तुत कर रहा हूँ। मै विक्रय आदेश प्राप्त होने के पश्चात् अधिकतम 30 दिवस के अंदर आदेशित सम्पूर्ण उक्त विवरण अनुसार रद्दी/अनुपयोगी सामग्रीयों को निविदा की शर्तो के अनुरूप उठाने का कार्य पूर्ण करूंगा।

| क्र | विवरण | | पृष्ठ क्रमांक |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदाकर्ता फर्म का नाम एवं पूर्ण पता | नाम :<br>पता :<br>ई–मेल : | |
| 2. | निविदाकर्ता का नाम/मोबाईल नं. | नाम :<br>मोबाईल नं. | |
| 3. | निविदा प्रपत्र (वापसी योग्य नहीं) मूल्य राशि रू. 1000 | बैंक ड्राप्ट क्र. :<br>दिनांक :<br>बैंक का नाम : | |
| 4. | अमानत राशि (वापसी योग्य ) रू. 50,000/– | बैंक ड्राप्ट क्र. :<br>दिनांक :<br>बैंक का नाम : | |
| 5. | वाणिज्य कर/आयकर/सेन्ट्रल एक्साईज विभाग द्वारा जारी फर्म का वैध/जीवित पंजीयन/**TIN** का क्रमांक (प्रमाण पत्र की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें) | क्रमांक.. : | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6. | आयकर विवरणिका<br>(सत्यापित छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है) | वर्ष : | |
| 7. | स्थाई खाता क्रमांक **(PAN)**<br>(सत्यापित छाया प्रति संलग्न करें) | | |
| 8 | जीएसटी पंजीकरण संख्या | | |
| 9. | टर्न ओव्हर सर्टिफिकेट की सत्यापित प्रति<br>(कम से कम तीन वर्षो की) संलग्न करें (यदि लागू हो) | | |
| 10. | पुराने/रद्दी/अनुपयोगी उत्तर पुस्तिकाओं, प्रश्न–पत्र,शोधग्रंथ /लघु शोधग्रंथ, परियोजना प्रतिवेदन कतरन, अन्य दस्तावेज/कागज एवं पुराने/रद्दी/अनुपयोगी टायर आदि रद्दी पेपर विक्रय की दर निविदा प्रारूप में अंकित है। | | |
| 11 | फर्म यदि पूर्व में विश्वविद्यालय द्वारा/किसी सरकारी कार्यालय द्वारा/किसी अन्य संस्थान–निकाय द्वारा यदि काली सूची में डाला गया हो अथवा फर्म के विरूद्ध यदि कोई दण्डात्मक कार्यवाही की गई हो, के संबंध में जानकारी | यदि हां तो विवरण दें : | |
| 12 | फर्म द्वारा संदर्भित निविदा के अनुरूप समान कार्य यथा रद्दी कागज आदि क्रय कर निष्पादन का कार्य किसी सरकारी /अर्द्ध सरकारी संस्थान/विभाग/शैक्षणिक संस्थान/निकाय आदि में किया हो तो तत्संबंधी कार्यादेश एवं अनुभव प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें। | अनुभव संबंधी दस्तावेज का विवरण : | |
| 13. | निविदा प्रपत्र, नियम व शर्तो की प्रति हस्ताक्षरित प्रति, वांछित समस्त स्वसत्यापित दस्तावेज मेरे द्वारा संलग्न किया गया है, का विवरण | | |
| 14. | विश्वविद्यालय में प्रस्तुत की जा रही निविदा के समस्त पृष्ठों का पृष्ठांकन कर दिया गया है। | कुल पृष्ठों की संख्या : | |

सशर्त निविदा (Conditional Tender) को अमान्य किया जा सकता है।

निविदाकर्ता फर्म का मुहर सहित पूर्ण हस्ताक्षर व दिनांक

# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.)

## पुराने/रद्दी/अनुपयोगी पेपर आदि एवं टायर विक्रय हेतु भाग–2

## वित्तीय बोली

**Tender No.12/OPEN/RADDI/STORE/GGV/2017** **Bilaspur, Dated- 18.07.2017**

प्रति,
कुलसचिव,
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

**विषय** :– पुराने/रद्दी/अनुपयोगी उत्तर पुस्तिकाओं, प्रश्न–पत्र,शोधग्रंथ/लघु शोधग्रंथ, परियोजना प्रतिवेदन, पुस्तक /पुस्तिकायें, कतरन, पुस्तक / पुस्तिकायें, अन्य दस्तावेज/कागज एवं पुराने/रद्दी/अनुपयोगी टायर आदि रद्दी पेपर एवं वाहन के अनुपयोगी टायर विक्रय की निविदा प्रस्तुत करने विषयक ।

महोदय,

उपरोक्त विषय से संबंधित दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा क्रमांक 12/Open/Raddi/Store/GGV/2017, बिलासपुर, दिनांक 18.07.2017. के संबंध में निवेदन है कि, मुझे पुराने/रद्दी/अनुपयोगी उत्तर पुस्तिकाओं, प्रश्न–पत्र, शोधग्रंथ / लघु शोधग्रंथ, परियोजना प्रतिवेदन, पुस्तक / पुस्तिकायें, कतरन, अन्य दस्तावेज/कागज एवं पुराने/रद्दी/अनुपयोगी टायर आदि क्रय हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित की गई निविदा की समस्त शर्ते मुझे मान्य है। अतः उक्त सामग्रीयों के क्रय हेतु मै अपनी निविदा प्रस्तुत कर रहा हूँ। मै विक्रय आदेश प्राप्त होने के पश्चात् अधिकतम 30 दिवस के अंदर आदेशित सम्पूर्ण उक्त विवरण अनुसार रद्दी/अनुपयोगी सामग्रियों को निविदा की शर्तो के अनुरूप उठाने का कार्य पूर्ण करूंगा। अतः निविदा की नियम व शर्तो के अधीन मेरे द्वारा निम्नानुसार क्रय की दर प्रस्तुत की जा रही है।

| क्र. | पुराने/अनुपयोगी/रद्दी सामग्री का विवरण | दर प्रति किलो ग्राम (रूपये अंक एवं शब्दो में) | | अन्य विवरण (यदि कोई हो) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका | | | |
| 2 | परीक्षा आवेदन पत्र, | | | |
| 3 | समाचार पत्र–पत्रिकायें एवं प्रश्न पत्र | | | |
| 4 | कपडा लाईन्ड व सादे लिफाफे (खुले/बंद) | | | |
| 5. | विभिन्न पुस्तक / पुस्तिकायें/शोधग्रंथ / लघु शोधग्रंथ, परियोजना प्रतिवेदन | | | |
| 6. | अन्य रद्दी कागज,कतरन,मलाट, आदि | | | |
| 7. | टायर (बस,ट्रेक्टर,जीप,कार आदि की विभिन्न साइजों में) क्रय हेतु टायर की प्रति नग दर | **दर प्रति नग (रूपये अंक एवं शब्दो में)** | | |
| | | **बस** | | |
| | | **ट्रेक्टर** | | |
| | | **जीप** | | |
| | | **कार** | | |

नोटः– चयनित फर्म को क्रयकृत रद्दी कागज को विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार के बाहर विक्रय करने का प्रमाण **(Proof)** देना होगा।

निविदाकर्ता फर्म का मुहर सहित पूर्ण हस्ताक्षर व दिनांक

# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.)

## पुराने/रद्दी/अनुपयोगी पेपर आदि एवं टायर विक्रय हेतु

## घोषणा पत्र

**(10 रू. मूल्य के गैर–न्यायिक स्टाम्प/ई स्टाम्प पत्र में जमा करें )**

**Tender No.12/OPEN/RADDI/STORE/GGV/2017** **Bilaspur, Dated- 18.07.2017**

फर्म यह घोषणा करता हैं कि, विश्वविद्यालय द्वारा दी गई समस्त नियम–शर्त का निविदाकर्ता द्वारा भली भांति पढ़ व समक्ष लिया गया है, एवं निविदाकर्ता को उक्त समस्त नियम व शर्त मान्य है व बंधनकारी है। निविदाकर्ता फर्म ने निविदा प्रपत्र में वांछित समस्त दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छाया प्रति, प्रपत्र मूल्य रू. 1000 एवं अमानत राशि रू. 50,000/– (रू.पचास हजार मा़त्र) का डिमांड ड्राफ्ट, कुलसचिव गुरू घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर के नाम पर देय है, संलग्न कर दिया है। फर्म के द्वारा निविदा में प्रस्तुत समस्त दस्तावेज/जानकारी सत्य है। फर्म द्वारा प्रस्तुत दर में किसी भी प्रकार की काट–छांट/ओवर राइटिंग नहीं है।

फर्म यह भी घोषणा करता है कि, फर्म को पूर्व में विश्वविद्यालय /किसी सरकारी कार्यालय /किसी अन्य संस्थान–निकाय द्वारा कभी भी काली सूची में नहीं डाला गया है और न ही फर्म के विरूद्ध यदि कोई दण्डात्मक कार्यवाही की गई है और न ही किसी न्यायालय में कोई प्रकरण लंबित है और न ही अद्यतन फर्म को किसी न्यायलय द्वारा दोषी सिद्ध किया गया है।

फर्म यह भी घोषणा करता है कि निविदाकर्ता कि उसके द्वारा क्रय की जाने वाली समस्त रद्दी कागजों, यथा प्रश्नपत्र, मूल्यांकित उत्तरपुस्तिका, परीक्षा आवेदन पत्र, पुराने समाचार पत्र, पत्रिकाओं एवं विभागों /केन्द्रीय ग्रंथालय से प्राप्त शोधग्रंथ / लघु शोधग्रंथ, पुस्तक /पुस्तिकायें, परियोजना प्रतिवेदन व अन्य रद्दी कागजों को पूर्णतः नष्ट करते हुए, विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार के बाहर, कागज निर्माण करने वाली मिल/कंपनी को ही विक्रय किया जायेगा, जिसे मिल/कंपनी द्वारा गलाया जायेगा ।

मुझे ज्ञात है कि मेरी फर्म द्वारा प्रस्तुत निविदा में, यदि किसी भी प्रकार की कोई भी जानकारी/दस्तावेज असत्य पाई जाती है तो गुरू घासीदास विश्वविद्यालय फर्म के विरूद्ध कोई भी दण्डात्मक कार्यवाही करता है तो वह फर्म को स्वीकार होगा। विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये निविदा प्रपत्र/नियम शर्त में मेरे द्वारा कोई संशोधन नहीं किया गया है एवं समस्त पृष्ठों पर मैने सील मुद्रा सहित हस्ताक्षर कर पृष्ठांकन कर दिया है। विश्वविद्यालय द्वारा अपनाये जाने वाले तौल की प्रक्रिया फर्म को मान्य होगी। मुझे ज्ञात है कि विश्वविद्यालय के पास सर्वाधिकार है कि वह बिना कोई कारण बताये विश्वविद्यालय हित में निविदा निरस्त कर सकता है/कार्यादेश स्थगित कर सकता है/विक्रय की जाने वाली सामग्री में बदलाव कर सकता है/सुविधा अनुसार विक्रय का उचित समय निर्धारित कर सकता है।

निविदाकर्ता फर्म का मुहर सहित पूर्ण हस्ताक्षर व दिनांक